UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 21 स्वतन्त्रता संग्राम की वीरांगनाएँ (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

प्रश्न 1:
मनु के बचपन के प्रिय खेल कौन-कौन से थे?
उत्तर:
घुड़सवारी, तीर-तलवार और बन्दूक चलाना मनु के बचपन के प्रिय खेल थे।

प्रश्न 2:
अंग्रेजों ने झाँसी को किसे बहाने से हथियाना चाहा?
उत्तर:
अँग्रेजों ने झाँसी को राजा का पुत्र न होने के बहाने हथियाना चाहा।

प्रश्न 3:
झलकारी बाई ने रानी के वेश में युद्ध करने के लिए स्वयं को क्यों प्रस्तुत किया?
उत्तर:
झलकारी बाई ने रानी के वेश में युद्ध करने के लिए स्वयं को प्रस्तुत किया ताकि रानी सकुशल निकल सकें।

प्रश्न 4:
"क्यों यह लड़की पागल हो गयी है"-यह वाक्य अंग्रेज अधिकारी स्टुअर्ट ने क्यों कहा होगा?
उत्तर:
"क्या यह लड़की पागल हो गई है?" यह वाक्य स्टुअर्ट ने झलकारी बाई के दुस्साहस पर कहा होगा।

प्रश्न 5:
"रानी ने अपने महल के सोने व चाँदी का सामान भी तोप के गोले बनाने के लिए दे दिया।" इससे रानी की किस विशेषता का पता चलता है?
उत्तर:
इससे रानी की दृढ़ता, वीरता, देशभक्ति, साहस, पराक्रम, त्याग, आत्मविश्वास तथा स्वाभिमानी होने का पता चलता है।

प्रश्न 6:
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (पूर्ति करके)

(क) छोटी उम्र में ही मनु शस्त्र चलाने में **निपुण** हो गईं।
(ख) लक्ष्मीबाई के पति का नाम **गंगाधर राव** था।
(ग) झलकारी बाई रानी की **हमशक्ल सखी** थी।
(घ) रानी झलकारी बाई की **बुद्धिमता एवं कार्यक्षमता** से प्रभावित हुईं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 7:
नीचे लिखे विकल्पों में से सही उत्तर छाँटकर लिखिए (सही उत्तर छाँटकर)अँग्रेज युद्ध क्षेत्र में झलकारी बाई को देखकर भ्रम में पड़ गए क्योंकि

(क) वंह बहुत सुंदर थी।
(ख) अंग्रेज उनका चेहरा नहीं देख सके।
(ग) वह रणकौशल व रंगरूप में रानी के समान थीं।
(घ) उन्होंने पहले कभी रानी को नहीं देखा था।

प्रश्न 8:
इस पाठ में रानी लक्ष्मीबाई के किन गुणों को उभारा गया है, उन्हें लिखिए।
उत्तर:
इस पाठ में रानी की वीरता, दृढता, आत्मविश्वास, साहस, स्वदेश-प्रेम, रणकौशल आदि गुणों को उभारा गया है।

प्रश्न 9:
पाठ में आये मुहावरों को ढूंढकर लिखिए।
उत्तर:
लोहा लेना– युद्ध करना-लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों से लोहा लिया।
उतार-चढ़ाव– दु:ख और सुख आना-जीवन में मनुष्य को उतार-चढ़ाव देखने पड़ते हैं।
पहाड़ टूटना– भयानक विपत्ति आना- भूचाल आ जाने पर लोगों पर कष्टों का पहाड़ टूट पड़ा।
दाँतों तले अँगुली दबाना– अधिक आश्चर्य में पड़ जाना-टीपू के राकेटों की मार देखकर अँग्रेजों ने दाँतों तले अँगुली दबा ली।
वीरगति को प्राप्त होना– युद्ध करते हुए मर जाना–वीर अभिमन्यु कौरवों को अपना युद्ध कौशल दिखाकर वीरगति को प्राप्त हुआ।

https://www.evidyarthi.in/